# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.06.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",दैनिक जागरण,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

### दैनिक जागरण–दि0 29.06.2025

## धोबीघाट होगा हस्तांतरित, जल संरक्षण पर जोर

रामनगर में वीडीए की ओर बनाए गए धोबीघाट को किसी संस्था को हस्तगत करने की कार्रवाई कराने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही जोनल कार्यालय और स्कूल परिसर में वाटर रिचार्ज पिट को बड़ा और प्रभावी बनाने की बात कही गई है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने रामनगर जोन कार्यालय परिसर में पुरानी स्क्रैप सामग्री जैसे वाहन, यूरिनल बाक्स, स्ट्रीट पोल आदि की सूची तैयार कर नीलामी प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक नगर आयुक्त अनिल यादव, जोनल अधिकारी इंद्र विजय, मुख्य अभियंता (सिविल) मोइनुद्दीन, जोनल स्वच्छता अधिकारी रवीचंद्र निरंजन आदि मौजूद थे।

### दैनिक जागरण–दि0 29.06.2025

## करियप्पा मार्ग सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक पथ बनेगा



छावनी क्षेत्र के करियप्पा मार्ग पर सांस्कृतिक पथ का माडल • वीडीए

जागरण संवाददाता, वाराणसी: छावनी क्षेत्र के करियप्पा मार्ग (जेएचवी माल से विक्ट्री ब्रिज तक) पर विकसित किए जाने वाले 500 मीटर लंबे सांस्कृतिक पथ के सुंदरीकरण व निर्माण कार्य जल्द शुरू होगा। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि इस परियोजना का मूल उद्देश्य काशी की पारंपरिक कला, शिल्प और सांस्कृतिक पहचान को पर्यटन से जोड़ते हुए स्थानीय कारीगरों को नया मंच प्रदान करना है। सांस्कृतिक पथ पर लकड़ी के खिलौने, गुलाबी मीनाकारी, बनारसी वस्त्र कला जैसे विश्वविख्यात उत्पादों को स्क्रैप से निर्मित कलाकृतियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। बताया कि इस पथ में 2.5 मीटर चौड़ा पैदल मार्ग, आकर्षक लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, पर्यटन स्थलों की जानकारी देने वाले साइनेज, सेल्फी प्वाइंट और सुव्यवस्थित पार्किंग की सुविधा रहेगी। यह पूरी परियोजना काशी को केवल आध्यात्मिक नगरी नहीं, बल्कि विरासत व शिल्प पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। इसका शिलान्यास स्टांप व पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने किया है।

## दैनिक जागरण–दि0 29.06.2025

# विकास प्राधिकरण के पांचों जोन के एसोसिएट इंजीनियर बदले

- कई आउटसोर्सिंग कर्मी वीडीए उपाध्यक्ष के निशाने पर
- अवैध निर्माण और छवि बिगाड़ने वालों की बनाई जा रही सूची

जागरण संवाददाता, वाराणसी: वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर शनिवार को कई आउटसोर्सिंग पर तैनात एसोसिएट इंजीनियर के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। अचानक पांचों जोन के एसोसिएट इंजीनियर के कार्यक्षेत्र बदलाव होने से चर्चा तेज हो गई है। कई और पर अभी गाज गिरनी बाकी है। प्रवर्तन कार्य में लगे आउटसोर्सिंग कर्मी वीडीए उपाध्यक्ष के निशाने पर हैं।

वीडीए के जारी आदेश में एसोसिएट इंजीनियर मोहम्मद अनस को जोन चार से पांच में, सूरज यादव को जोन से दो से एक में, रमेश गुप्ता को जोन तीन से दो में, सुशील कुमार को जोन एक से तीन में तैनाती की गई है।

संदीप कुमार मौर्या को जोन तीन से जोन चार में, अरुण कुमार सिंह को जोन पांच से जोन एक में, सत्यम सिंह को जोन तीन से जोन दो में और मुरली मनोहर पांडेय को जोन चार से जोन तीन में भेजा गया है। जल्द ही आउटसोर्सिंग पर तैनात प्रवर्तन कर्मियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया जाएगा। इसको लेकर विभागीय सूची बनाई जा रही है। खासकर ऐसे आउटसोर्सिंग कर्मियों की सूची बनाई जा रही है जिनकी शिकायत या अवैध निर्माण में संलिप्तता है।

## दैनिक जागरण–दि0 29.06.2025

# पं. दीनदयाल उद्यान में बनेगा आधुनिक पौधशाला केंद्र

- गुणवत्तायुक्त पौधे मिलेंगे लगभग आधी कीमत पर
- उत्पादन, संरक्षण व सस्ते दर पर की जाएगी बिक्री

संवाद सूत्र जागरण पड़ाव (चंदौली) : क्षेत्रीय लोगो को अब सुंदर, औषधीय और सजावटी पौधों की गुणवत्ता युक्त प्रजातियां सस्ती दरों पर उपलब्ध होंगी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने पहल करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान में पौधशाला (नर्सरी) विकसित करने का निर्णय लिया है। उद्यान के एक विशेष हिस्से को पौधों के उत्पादन, संरक्षण और बिक्री के लिए चिन्हित किया गया है। इस पौधशाला में फल, फूल और औषधीय पौधों की विभिन्न प्रजातियां उगाई जाएंगी। विशेष रूप से वातावरण के अनुकूल तापमान और धूप की व्यवस्था के लिए लगभग दो लाख रुपये की लागत से ग्रीनहाउस तैयार किया गया है।

इसमें कटिंग (कलम विधि) से तैयार किए जाने वाले पौधों और छाया में रखने वाले (इनडोर) पौधों को वैज्ञानिक विधि से उगाया जाएगा। पौधशाला में उपलब्ध प्रमुख पौधों में लिलिपुट, बेंगलुरु करोटन, चुनरिया करोटन, रेड मडोरा, दफन बेतिया, विक्टोरिया आदि प्रजातियां शामिल होंगी। साथ ही, औषधीय पौधों की कई उपयोगी प्रजातियां भी आम जन को उपलब्ध कराई जाएंगी। सबसे खास बात यह है कि यहां से सरकारी दर पर पौधे खरीदे जा सकेंगे, जो कि बाजार मूल्य से लगभग आधी कीमत पर होंगे। आमजन उद्यान में प्रवेश



पंडित दीनदयाल उद्यान में लगा ग्रीन हाउस● जागरण

टिकट लेकर ग्रीनहाउस के भीतर पौधों का चयन कर सकेंगे। ग्रीनहाउस में बोनसाई पौधे, कटोरी पौधे सहित अन्य प्रजातियों के पौधे नाम-पट्टी और संपूर्ण जानकारी के साथ प्रदर्शित किए जाएंगे। वाराणसी विकास प्राधिकरण के इस नवाचार से न केवल हरियाली को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों को भी कम लागत में बेहतर पौधे प्राप्त हो सकेंगे। यह पौधशाला पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय वनस्पति जागरूकता का केंद्र भी बनेगी। उद्यान प्रभारी अरविंद शर्मा ने बताया कि उद्यान में मिट्टी, पौधे और प्रकृति से जुड़ने का एक सुनहरा अवसर होगा, जिसमें नर्सरी और पौधे प्रेमियों के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से उद्यान प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 30 जून को किया गया है। इसमें बताया जाएगा कि छोटे और बड़े पौधशाला को कैसे प्रारंभ करें। वही मौसमी पौधों की कटिंग और रोपण की वीधियों सहित खाद, जल का संतुलन कितना कब व कैसे देना है यह जानकारी दी जाएगी। पौधों के लिए उचित मेढ़ की संरचना अनुभवी मालियों के मार्गदर्शन में दिया जाएगा। सभी क्षेत्रीय लोगों से भागीदारी की वीडीए वाराणसी द्वारा अपील की गई है।